कार्यवृत्त

सोमवार, 23 पौष, शक संवत्, 1935
(दिनांक 13 जनवरी, 2014 ई0)

खण्ड–38
अंक–1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 3:00 बजे श्री अध्यक्ष के सभापतित्व में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष द्वारा श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ आरम्भ करते ही भाजपा के कुछ सदस्य 'वेल' में आकर मा0 सदस्य श्री राजकुमार ठुकराल के आवास की कुर्की किए जाने पर अपनी-अपनी बात को जोर से कहने लगे तथा नारेबाजी करने लगे।

घोर व्यवधान के मध्य श्री अध्यक्ष ने अपना भाषण समाप्त किया।

घोर व्यवधान के ही मध्य श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्य-मंत्रणा समिति ने दिनांक 10 जनवरी, 2014 की बैठक में दिनांक 13 जनवरी, 2014 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-

<u>जनवरी, 2014</u>

13	**सोमवार**	श्री अध्यक्ष द्वारा महामहिम श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ। **(अपराह्न 03:00 बजे)**

राजस्व मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

घोर व्यवधान के ही मध्य श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्य-मंत्रणा समिति ने दिनांक 13 जनवरी, 2014 की बैठक में दिनांक 14 जनवरी, 2014 से दिनांक 21 जनवरी, 2014 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-

14	**मंगलवार**	मकर संक्रान्ति अवकाश बैठक नहीं होगी।
15	**बुधवार**	बैठक नहीं होगी।
16	**गुरूवार**	बैठक नहीं होगी।
17	**शुक्रवार**	बैठक नहीं होगी।
18	**शनिवार**	अवकाश।
19	**रविवार**	अवकाश।
20	**सोमवार**	**1- औपचारिक कार्य** 1- धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण। 2- धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा। 3- अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना। **2- विधायी कार्य**
21	**मंगलवार**	**1- औपचारिक कार्य** 1- धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और पारण। **2- विधायी कार्य**

राजस्व मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सदन की कार्यवाही 03 बजकर 07 मिनट पर सोमवार, दिनांक 20 जनवरी, 2014 तक के लिये स्थगित हुई।

जगदीश चन्द्र,
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,
गोविन्द सिंह कुंजवाल,
अध्यक्ष,
विधान सभा।